तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 17 मई 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 फायर डेमो के जरिए सीखी आग बुझाने की तकनीक





## 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)

6 माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



Advt.





## खबर संक्षेप

### विद्युत पोल पर चढ़ गया युवक, करंट से मौत

**लखनपुर।** हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। युवक मानसिक रूप से कमजोर था और वैध के पास उपचार कराने आया था। इस दौरान भागकर 11 हजार वोल्टेज के विद्युत खम्बे पर चढ़ गया और करेंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम इरगवां निवासी 25 वर्षीय भानु पावले आ. सुखन पावले की विगत 6 माह से मानसिक हालत ठीक नहीं थी और परिजन उसका उपचार वैध से करा रहे थे। 15 अप्रैल को भी परिजन भानु पावले को लेकर वैध से उपचार कराने के लिए ग्राम केवरी लेकर आए थे। इस दौरान जब युवक को लेकर परिजन घर जाने लगे तो उसने घर जाने से मना कर दिया। ऐसे में परिजन युवक को वैध के पास छोडकर वापस लौट गए। 16 मई को परिजन सुबह फिर से वैध के घर आए लेकिन इस दौरान युवक घर जाने से मना करते हुए भाग गया और भागते हुए बेलदगी तुरियापारा में 11 हजार वोल्टेज के विद्युत पोल पर चढ़ गया। खम्बे पर चढ़कर युवक ने हाई वोल्टेज तार को छु दिया और उसके बाद झटका लगने से नीचे गिर गया। युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजन में शोक का माहौल है।

### गिरोह का सरगना भी पकड़ा गया, एसपी ने किया खुलासा

# एक ही परिवार के लोग करते थे अवैध रेत उत्खनन व परिवहन का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

**खास बात**

- उत्तर प्रदेश तक करते थे सप्लाई, आरक्षक की हत्या के मामले में अब तक आठ गिरफ्तार

बलरामपुर जिले के सनावल क्षेत्र में रेत तस्करों द्वारा आरक्षक की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो झारखण्ड से आकर नदियों से अवैध रेत उत्खनन कर रहा था। गिरोह का कारोबार झारखंड से लेकर यूपी तक फैला हुआ था। इस गिरोह में एक ही परिवार के लोग शामिल है। पुलिस ने 3 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अब तक कुल 8 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पकड़े गए आरोपियों में आरक्षक पर ट्रैक्टर चढाने वाला आरोपी भी शामिल है। इसके साथ ही इस अवैध कारोबार, हत्या और हत्या के आरोपियों को छिपाने वाले अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है। इस पूरे मामले का खुलासा शुक्रवार को एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने सनावल थाने में किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि पुलिस का प्रयास होगा की हत्या के आरोपियों को मौत की सजा दिलाने के लिए कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

बता दें कि 12 मई की रात बलरामपुर जिले के सनावल थाना अंतर्गत लिबरा स्थित कन्हर नदी में अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई करने गए आरक्षक शिव बचन सिंह को तस्कर ने ट्रैक्टर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद आईजी दीपक झा, कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, एसपी वैभव बैंकर रमनलाल, डीएफओ आलोक बाजपेयी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया था। इसके साथ ही एसपी श्री बैंकर ने एसडीओपी बाजीलाल सिंह के नेतृत्व में सात टीमों का गठन किया था। इस पूरी कार्रवाई के दौरान एसपी खुद सनवाल में ही डटे रहे। इस दौरान पुलिस ने झारखण्ड और उत्तर प्रदेश के अलग अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा पूर्व में झारखंड के घडवा अंतर्गत ग्राम धुरकी सेराजनगर खासटोला निवासी 24 वर्षीय आरीफुल हक आ. नसीमुल हक, 41 वर्षीय जमीन अंसारी आ. नसीमुल हक, गढवा के धुरकी करवापहाड़ निवासी 25 वर्षीय उपेन्द्र कोरवा आ. कृष्णा कोरवा, सेराजनगर निवासी 22 वर्षीय शकील अंसारी आ. इसरार अंसारी व भवनाथपुर निवासी 50 वर्षीय अबकर अंसारी आ. स्व. नाजिम मिया को गिरफ्तार किया था जबकि अब पुलिस ने इसी मामले में मुख्य आरोपी सेराजनगर निवासी 65 वर्षीय नसीमुल हक उर्फ नसीम आ. स्व. कुदरत अली, 20 वर्षीय हमीदुल हक उर्फ हामिद आ. नसीमुल हक, व 26 वर्षीय निजामुल हक उर्फ निजाम आ. नसीमुल हक को बीएनएस की धारा 103 (1), 109, 121 (1), 132, 221, 61 (2), 3(5), 238, 249 एवं धारा 33 (1) (ख), 52 भारतीय वन अधिनियम 1927, धारा- 04/21 खान एवं खनिज अधिनियम 1957 के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही कुल 3 ट्रैक्टर जब्त किया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जानकारी दते एसपी।

#### पूरा परिवार करता है अवैध व्यापार

एसपी वैभव बैंकर ने बताया कि इस घटना का मुख्य आरोपी और मास्टर माइंड नसीमुल हक उर्फ नसीम है। नसीमुल हक के कुल 9 बेटे है और सभी अवैध कारोबार में संलिप्त है। एसपी ने बताया कि अब तक घटना मुख्य आरोपी नसीमुल हक के साथ ही उसके पुत्र आरीफूल हक, जमील अंसारी, हमिदुल हक व निजामुल हक को पकड़ा गया है। इसके साथ ही आरोपी शकील अंसारी नसीमुल हक का भतीजा व अबकर अंसारी नसीमुल हक के बेटे का साला है जबकि उपेन्द्र कोरवा नसीमुल हक के रिश्तेदार जाहिद अंसारी का ट्रैक्टर चलाता है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने घटना के दौरान झारखंड और यूपी में छिपने का प्रयास किया और सभी को अलग अलग स्थानों से दबिश देकर पकड़ा गया। इसके साथ ही पुलिस अन्य आरोपियों और उनके सहयोगियों की तलाश कर रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक अजय साहू, कुमार चंदन सिंह, व्यास नारायण चुरेन्द्र, उनि हिम्मत सिंह शेखावत, धिरेन्द्र तिवारी, मनोज नवरंगे, गजपति मिर्रे, नवल किशोर दुबे, सउनि अश्वनी सिंह, राधेश्याम विश्वकर्मा, गोटिया राम मरावी, शिव कुमार सिंह, पंचम राम भगत, प्रधान आरक्षक मायापति सिह, नारायण तिवारी, विजय टोप्पों, अमर टोप्पों, विक्रम एक्का एवं साइबर टीम से प्रधान आरक्षक नागेन्द्र पाण्डेय, राहुल यादव, आरक्षक राजकमल सैनी, मंगल सिंह, सुखलाल, पंकज शर्मा, राजकिशोर, आकाश तिवारी, प्रशांत भगत सक्रिय रहे।

#### यूपी तक फैला है कारोबार

एसपी श्री बैंकर ने बताया कि आरोपी और मुख्य साजिशकर्ता नसीमुल हक के पास 2 ट्रेक्टर, 2 हाईवा, टीप्पर एवं 1 जेसीबी है। आरोपियों द्वारा अवैध रूप से गिट्टी, रेत परिवहन का कार्य किया जाता है। आरोपियों द्वारा अवैध रेत उत्खनन के बाद ट्रैक्टर से झारखण्ड के परसापानी में रेत को डम्प किया जाता था और यही से टीपर, हाइवा में जेसीबी की मदद से रेत लोड कर झारखंड से लेकर यूपी तक बिक्री की जाती थी। वर्तमान में गर्मी के समय कन्हर नदी में पानी हम हुआ है ऐसे में ये लोग लिबरा घाट में आकर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन कर रहे थे। इसा अवैध उत्खनन की शिकायत गामीणों के की थी।

#### बेटे ने चढ़ाया था ट्रैक्टर

एसपी ने बताया कि 12 मई की रात वन और पुलिस की संयुक्त टीम अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करने गई थी। इस दौरान तीन ट्रैक्टर में आरीफुल हक, हमीदुल हक व उमेन्द्र कोरवा मौजूद थे। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी ट्रैक्टर लेकर भागने लगे। इसी दौरान हमीदुल ने आरक्षक शिव बचन को ट्रैक्टर से कुचल दिया और फरार हो गया। वहीं आरीफुल और उपेन्द्र कोरवा ने भी पुलिसकर्मियों पर ट्रैक्टर चढाने का प्रयास किया था जिसमें जवान बाल बाल बच गए। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया है कि मुख्य आरोपी नसीमुल हक ने उन्हें कहा गया था कि जब छत्तीसगढ़ पुलिस की टीम उन्हें रोकने का प्रयास करे तो ट्रैक्टर चढा देना।

#### दिलाएंगे फांसी की सजा

हमने आरक्षक की हत्या और अवैध रेत तस्करी के मामले में कुल 8 लोगों को पकड़ा है। इसमें से 7 आरोपी एक ही परिवार के सदस्य है। गिरोह के अन्य फरार फरार आरोपियों की तलाश जारी है। आरोपियों द्वारा अवैध रूप से रेत उत्खनन कर झारखण्ड और यूपी तक खपाया जा रहा था। हमारा प्रयास होगा कि आरोपियों को फांसी की सजा दिलाई जाए। इसके साथ ही आरक्षक को शहीद का दर्जा दिलाने के लिए शासन स्तर पर जो प्रावधान होंगे उसके अनुरूप पहल की जाएगी।

-वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी

## पत्नी से कर रहा था विवाद, बीच बचाव करने आए ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, कमलेश्वरपुर के सरनापारा की घटना

पत्नी से मारपीट कर रहे युवक को रोकना एक ग्रामीण को महंगा पड़ गया। आक्रोशित युवक ने बीच बचाव करने आए ग्रामीण की डंडे से बेरहमी से पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में मैनपाट के कमलेश्वरपुर पुलिस ने अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम लुरैना सरनापारा निवासी चन्द्रबली मांझी अपने परिवार व एक बेटे के साथ सरनापारा में रहता है जबकि जबकि उसका एक पुत्र मनमोहन घीचा बड़वा पाठ में परिवार के साथ रहता है। इस बीच 15 मई को मनमोहन को उसके भाई ने फोन कर बताया कि मोहल्ले के अजय घीचा ने पत्नी से विवाद के दौरान बीच बचाव करने गए पिता की हत्या कर दी। मनमोहन घीचा ने घटना की शिकायत पुलिस से की। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने लुरैना सरनापारा निवासी 30 वर्षीय अजय घीचा उर्फ बाका आ. बालक घीचा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार घटना के दौरान आरोपी अजय घीचा अपनी पत्नी से घरेलु विवाद को लेकर मारपीट और झगड़ा कर रहा था। इस दौरान जब चन्द्र बलि मांझी बीच बचाव करने और दम्पति के बीच समझौता कराने पहुंचा तो आरोपी को गुस्सा आ गया। आक्रोश में आकर अजय घीचा ने चन्द्रबली को खेत में दौड़ा कर डंडे से उसकी बेदम पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त डंडा जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कमलेश्वरपुर नवल दुबे, सउनि डेविड मिंज, प्रधान आरक्षक अखिलेश्वर भगत, राम प्रसाद निकुंज, आरक्षक अर्जुन पैकरा, लुकन सांय कुजूर, जेवियर बरवा, धनेश्वर पैकरा, रविन्द्र निकुंज, अमित मिंज सक्रिय रहे।



## अम्बिकापुर-दुर्ग एवं अम्बिकापुर-शहडोल ट्रेन में अतिरिक्त एसी कोच की सुविधा 21 से

**अम्बिकापुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं में वृद्धि करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा संचालित 2 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में एक अतिरिक्त एसी-3 इकॉनमी कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। गाड़ी संख्या 18241/18242 दुर्ग-अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 इकॉनमी कोच की सुविधा दुर्ग से 20 मई तथा अम्बिकापुर से 21 मई से स्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18756/18755 अम्बिकापुर-शहडोल-अम्बिकापुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 इकॉनमी कोच की सुविधा अम्बिकापुर से 21 मई तथा शहडोल से 21 मई से स्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी।



## बीएम फूड प्लांट से 100 टन चना गबन करने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** बीएम फूड प्लांट से चना गबन करने के मामले में पुलिस ने पुलिस ने यूपी से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कंपनी का लगभग 100 टन चना पार कर उसे बेच दिया। आरोपी ने कम्पनी में काम करते हुए लगभग 60 लाख रूपए का गबन किया है। मणिपुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर विशालनगर स्थित अम्बिकाह परबोइल्ड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर राहुल रंजन ने थाने में शिकायत की थी कि कम्पनी में काम करने वाले इंतिजार ने अपने साथियों के साथ मिलकर कंपनी के प्लांट से 1 सितम्बर 2024 से से 31 जनवरी 2025 के मध्य लगभग 100 टन चला का गबन किया। गबन किए गए चला की कीमत लगभग 60 लाख रूपए है। इस मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने मूलतः यूपी के बागपथ के रामाला जनपद अंतर्गत असारा हाल मुकाम रसूलपुर निवासी इंतिजार अली शेर आ. अली शेर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बीएम फ़ूड भिट्ठी कला प्लांट से लगभग 100 टन चना गबन करने की बात स्वीकार की। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने लगभग 20 टन चला को फुटकर व थोक में बेच दिया और बिक्री से मिले रुपयों को खर्च करने के साथ ही शेष बचे पैसों को बैंक में जमा करने की बात कही। पुलिस द्वारा इस मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपी इंतिजार अली को बीएनएस की धारा 316(5), 61(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणिपुर अखिलेश सिंह, सउनि बबलू कुजूर, प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, महेश्वर शरण सिंह, आरक्षण उमाशंकर साहू, सुरेश गुप्ता सक्रिय रहे।




## खबर संक्षेप

### दुर्गाशंकर विधायक प्रतिनिधि बने



**मनेन्द्रगढ़।** जनपद पंचायत भरतपुर के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाशंकर मिश्रा को भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने भरतपुर विकासखंड का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) भरतपुर को जारी आदेश के अनुसार, मिश्रा विकासखंड भरतपुर की सभी बैठकों और आयोजनों में विधायक के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस नियुक्ति की जानकारी सभी विभाग प्रमुखों को दी जाएगी। जनपद पंचायत भरतपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी इस नियुक्ति से अवगत कराया गया है। यह नियुक्ति क्षेत्र के विकास कार्यों और प्रशासनिक गतिविधियों में समन्वय को मजबूत करने में सहायक होगी।

### कलाकारों का मानदेय वृद्धि स्वागतेय निर्णय

**मनेन्द्रगढ़।** छग लोक कलाकार कल्याण संघ जिला एमसीबी के अध्यक्ष परमेश्वर सिंह ने वरिष्ठ कलाकारों के मानदेय को 2 हजार से बढ़ाकर 5 हजार किए जाने के छग सरकार के निर्णय की प्रशंसा की। उन्होंने साय सरकार को आभार व्यक्त किया है। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने बयान जारी करते हुए कहा कि अभी हाल में ही केबिनेट बैठक में यह कल्याणकारी एवं संवेदनशील निर्णय लिया गया है, जिसे लेकर समस्त लोक कलाकारों हर्ष व्याप्त है। मुख्यमंत्री श्री साय के इस निर्णय से आर्थिक संकट से जूझ रहे वरिष्ठ कलाकारों को काफी संबल मिलेगा। यह योजना वर्ष 1986 में शुरू हुई थी। उस समय यह सम्मान राशि 150 रूपए प्रतिमाह थी। 2007 में इसे बढ़ाकर 1500 रूपए, 2012 में 2000 रूपए किया गया था। पिछले कुछ वर्षों से लगातार इसमें वृद्धि की मांग की जा रही थी। सरकार संगठन की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लेते हुए इसमें वृद्धि का निर्णय लिया है।



## मोबाइल छीन लेने पर छात्र ने लगाई फांसी

# मोबाइल की लत ने छीना परिवार का चिराग

**वार्ड क्र. 22 आमाखेरवा की घटना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शहर के आमाखेरवा क्षेत्र में बीते दिवस छठवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक 12 वर्षीय नाबालिग छात्र ने मोबाइल छीन लेने पर आवेश में आकर बकरी बांधने वाली रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बच्चे के आत्मघाती कदम से परिवार का चिराग बुझ गया।

वहीं परिजन सदमें में हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ शहर के वार्ड क्रमांक 22 आमाखेरवा क्षेत्र में एक 12 वर्षीय नाबालिग छात्र एक निजी शैक्षणिक संस्थान में कक्षा छठवीं में पढ़ता था। वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था, उसे मोबाइल गेम की लत थी । बताया जा रहा है कि बच्चा अपने पिता व एक बहन के साथ घर पर रहता था और उसकी मां पुणे महाराष्ट्र में मजदूरी का काम करने गई थी। परिजन के अनुसार बच्चा मोबाइल पर गेम खेलने और यूट्यूब पर रील्स देखने का आदि था। स्कूल से लौटने के बाद वह रोज घंटों मोबाइल पर समय बिताता था। परिवार के लोग उसे मना करते थे, लेकिन वह किसी न किसी तरह घर वालों से मोबाइल ले लेता था। बीते 12 मई को उससे परिवार के एक सदस्य ने मोबाइल छीन लिया तो वह आवेश में आकर बकरी बांधने वाली रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बच्चे के इस आत्मघाती कदम से परिवार के लोग सदमें में हैं, उनका रो-रो कर बुरा हाल है। मोबाइल की लत ने परिवार का चिराग छीन लिया। यह घटना मोबाइल की बढ़ती लत की गंभीरता को दर्शाती है। मोबाइल अब जरूरत से कहीं आगे बढ़कर एक लत बन चुका है। यह न सिर्फ बड़ों बल्कि बच्चों को भी प्रभावित कर रहा है। बच्चों के व्यवहार में मोबाइल न मिलने पर बदलाव देखा जा रहा है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया है। मां के पुणे से लौटने के बाद मृतक बच्चे का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।



मृतक छात्र

### ट्रक की टक्कर से पिकअप सवार घायल

**अम्बिकापुर।** एनएच 43 लुचकी घाट के समीप उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब सीतापुर की ओर से आ रहे ट्रक विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप को टक्कर मार दी। दुर्घटना में पिकअप सवार लोगों को मामूली चोटें आई।

जानकारी के अनुसार सीतापुर की आ ओर से आ रहे ट्रक जैसे ही लुचकी घाट समीप निजी स्कूल के समीप पहुंची तभी चालक को नींद की झपकी आ गया जिससे चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। इसी बीच ट्रक सूरजपुर से सीतापुर की ओर जा रहे पिकअप को टक्कर मार सड़क किनारे झाड़ियों में घूस गई। अचानक ट्रक के टकरा जाने से पिकअप सवार भयभीत हो गए। गनीमत था पिकअप चालक के सजग होने के कारण सवार लोगों को मामूली चोटें आई। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

# फायर डेमो के जरिए सीखी आग बुझाने की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे।

कोरिया जिले के पुलिस बल को आपदा प्रबंधन और फायर सेफ्टी के प्रति प्रशिक्षित एवं सजग बनाने के उद्देश्य से रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में शुक्रवार को एक विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशानुसार जनरल परेड के उपरांत आयोजित इस सत्र में जिले के समस्त थाना, चौकी एवं शाखाओं से आए लगभग 125 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मानवजनित एवं प्राकृतिक आपदाओं विशेषत आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए पुलिस बल को तैयार करना था। सत्र के प्रारंभ में अधिकारियों को आपदा प्रबंधन की मूल अवधारणाओं, उनकी प्रकृति, प्रभाव और उनमें पुलिस की जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फायर स्टेशन बैकुंठपुर के प्रभारी बबलू प्रसाद एवं उनकी टीम द्वारा आयोजित फायर डेमो रहा, जिसमें आग के विभिन्न प्रकारों जैसे-विद्युतजनित आग, रासायनिक आग, ठोस पदार्थों से उत्पन्न आग, ज्वलनशील तरल पदार्थों से फैलने वाली आग का वर्गीकरण कर उन्हें बुझाने की वैज्ञानिक और व्यावहारिक तकनीकें प्रदर्शित की गईं। फायर एक्सटिंग्विशर की संरचना, वाटर बेस्ड, ड्राई केमिकल पाउडर एवं सीओ टू आधारित यंत्रों के सही उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित पुलिसकर्मियों को स्वयं अग्निशमन उपकरणों का उपयोग कर अभ्यास का अवसर दिया गया।

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचानाः रेणुका



**मनेन्द्रगढ़।** जिले के विकासखंड भरतपुर अंतर्गत ग्राम कंजिया में सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के तहत शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

- कंजिया में 1348 आवेदन में 1183 निराकृत

शिविर में कंजिया सहित पतवाही, चाटी, डोगरीटोला, जमथान, घटई, मलकडोल और मन्नौढ़ ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी की। इस शिविर ने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं और शिकायत निवारण प्रणाली से सीधे जुड़ने का अवसर दिया, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को बल मिला। शिविर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्राम जल जागरूकता अभियान पर विशेष चर्चा आयोजित की गई।

### रेल परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के अपर कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी के आदेशानुसार चिरमिरी-नागपुर रोड हॉल्ट रेल परियोजना के अंतर्गत 17 किलोमीटर लंबे प्रस्तावित रेल मार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस परियोजना के अंतर्गत ग्राम चिरईपानी, सरोला, बंजी, खैरबना, सरभोका एवं चित्ताझोर की ओर आने वाली निजी भूमि को अधिग्रहित किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण के लिए रेलवे एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सर्वेक्षण किया गया। इसके पश्चात अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनेन्द्रगढ़, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा 7 अप्रैल को पत्र के माध्यम से चिरमिरी-नागपुर रोड हॉल्ट रेल परियोजना के लिए प्रतिवेदित भूमि सूची उप मुख्य अभियंता (निर्माण)-1, दपूमरे नार्थ बिलासपुर को भेजी गई, इसके आधार पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के कार्यालय से पत्र 1 मई को प्रेषित किया गया, जिसके माध्यम से अधिग्रहण संबंधी सूचना राजपत्र में प्रकाशन के लिए भेजी गई।

# एसईसीएल की बिजली कटौती पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल के बैकुंठपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चरचा कॉलरी में बिजली कटौती को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

- सतर्कता विभाग की कार्रवाई से उठा भेदभाव का सवाल

हाल ही में एसईसीएल सतर्कता विभाग द्वारा बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए की गई कार्रवाई के तहत राजीव गांधी चौक से लेकर विवेकानंद चौक तक के कई क्षेत्रों में व्यापक रूप से बिजली आपूर्ति बाधित की गई।

इस कार्रवाई में खास तौर पर झोपड़ियों और अस्थायी मकानों में रह रहे लोगों की बिजली तारें काट दी गइं, जबकि एसईसीएल क्वार्टरों में अवैध रूप से रह रहे लोगों की बिजली आपूर्ति यथावत बनी रही,इससे विभाग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं। एसईसीएल के सतर्कता विभाग ने चरचा टाउनशिप में बिजली चोरी की बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर यह अभियान चलाया। विभाग द्वारा पावर ऑडिट कराने, वास्तविक विद्युत आवश्यकताओं की समीक्षा करने और अवैध कनेक्शनों को तत्काल काटने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि कार्रवाई की प्रक्रिया को लेकर स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों में असंतोष है। नागरिकों का कहना है कि यदि कार्रवाई की जाती है तो सभी अवैध उपभोक्ताओं पर समान रूप से होनी चाहिए, न कि वर्ग विशेष को निशाना बनाकर। पालिका क्षेत्र के कई स्थानों पर छग सरकार द्वारा संचालित सीजी लाइट की व्यवस्था नहीं है। ऐसी स्थिति में स्थानीय नागरिक अपनी आवश्यकताओं के लिए एसईसीएल की बिजली पर निर्भर हो जाते हैं। जब एसईसीएल बिजली कटौती करता है तो आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



**अध्यक्ष की पहल, कलेक्टर से की बातः** बिजली कटौती से उत्पन्न समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल और उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कलेक्टर से मुलाकात कर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने बताया कि चरचा कॉलरी सहित पूरे पालिका क्षेत्र में नागरिक बिजली कटौती से परेशान हैं और आवश्यक घरेलू कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर से अपील किया कि वे एसईसीएल के अधिकारियों से बात कर नागरिकों को राहत दिलाने का प्रयास करें। नपाध्यक्ष और उपाध्यक्ष की इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही कोई सकारात्मक कदम उठाया जाएगा।

### छग में पहली बार सोनहत में पंच संघ का गठन

**सोनहत।** छग के पंचायत इतिहास में पहली बार सोनहत विकासखंड में पंचों की एकजुटता का नया अध्याय जुड़ गया है। 14 मई को जनपद पंचायत सोनहत के सामुदायिक भवन में विकासखंड की 42 ग्राम पंचायतों के पंचों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से पंच संघ के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित पंचों ने आपसी विमर्श और पंचायत स्तर पर अपनी भागीदारी एवं अधिकारों की मजबूती को ध्यान में रखते हुए पंच संघ की रूपरेखा तय की। छग में यह पहला अवसर है जब किसी विकासखंड में इस तरह का पंच संघ गठित किया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से प्रेमसागर तिवारी ग्राम पंचायत केसगवां वार्ड क्रं. 9 को पंच संघ का अध्यक्ष चुना गया। कन्हैया जायसवाल ग्राम पंचायत चकडांड को उपाध्यक्ष तथा लव प्रताप सिंह जूदेव ग्राम पंचायत सोनहत वार्ड वार्ड क्रं. 2 को संयोजक नियुक्त किया गया।

**न्यायालय श्रीमान् द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

प्रो.न. 818/2025
व्यव. वा.प्र.क्र.-अ 109/2024
अगामी पेशी तिथि-09/06/2025

विनोद कुमार --------------------------/वादी
प्रति
छ.ग. शासन व अन्य ----------/प्रतिवादीगण

**नोटिस/ईश्तहार**

बनामः-
अभिषेक दुबे आ. श्री रविन्द्र दुबे, निवासी शिवधारी कॉलोनी अम्बिकापुर, थाना व तहसील-अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)

आपको नोटिस/इश्तेहार के माध्यम सूचित किया जाता है इस न्यायालय में वादी/आवेदक द्वारा आपके के विरूद्ध व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक-अ 109/2024 विनोद कुमार प्रति छ.ग. शासन व अन्य न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के समक्ष स्वत्व घोषणार्थ एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा प्रकरण में प्रतिवादी को न्यायालय में उपस्थिति हेतु नोटिस प्रेषित की गई थी। किन्तु प्रतिवादी को नोटिस की तामिली न हो पाने के कारण प्रकरण में पेशी तिथि बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त प्रतिवादी को न्यायालीय प्रकरण में उपस्थिति होने हेतु नोटिस/इश्तेहार का प्रकाशन कराया जा रहा है।

अतः आपको इस नोटिस/इश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक-09.06.2025 को न्यायालयीन समय दिन में 11.00 बजे उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत दिनांक को उपस्थित न होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में अथवा किन्हीं कारणवश न्यायालयीन स्थगित होने पर प्रकरण की सुनवाई अगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 08/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

(अरिन्दम नेरल)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202505020700043**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्:-2024-2025

बिशुनपुर प.ह.न. 00019 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-समर बहादुर सिंह, अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक समर बहादुर सिंह आ. कुन्ते प्रसाद सिंह, निवासी ग्राम बिशुनपुरकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम बिशुनपुरकला स्थित खसरा नंबर 1/240, 168/1 रकबा 0.082 हे., 0.311 हे. भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 04.06.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/05/2025 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जैन MS, MCH (Neurosurgery) Brain and Spine Surgeon
छग के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. गौरी शंकर सिंह MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
रायपुर के वरिष्ठ बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन MBBS, MS MCH (Mumbai) Neonatal & Pediatric Surgeon
रायपुर के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. करण सराफ M.D. (MEDICINE), DM (Nephrology)
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ... डॉ संजय कुमार अग्रवाल MBBS, MD Medicine (Delhi) DM (Gastro) BHU Varanasi
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
18 मई 2025 प्रत्येक माह के तीसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA
डॉ हर्षप्रीत सिंह टुटेजा जनरल मेडिसिन एवं एंडोक्रिनोलॉजिस्ट (मधुमेह, थायराइड एवं हार्मोन स्पेशलिस्ट)
SRS HOSPITAL न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के सामने, अम्बिकापुर +919617605000, +917049985558
24x7 इमरजेंसी सेवा भर्ती, एवं आई.सी.यु. ऑपरेशन
शुगर, थायरॉइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी), अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाइफाइड, निमोनिया (फेफड़ों में इन्फेक्शन), मलेरिया
अर्थराइटिस (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UIT (पेशाब में जलन), पैरों में जलन या सूजन, अनियमित महावरी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सर में दर्द), गैस्ट्राइटिस (पेट में दर्द या जलन होना)

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रज्ञा ओझा
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) |9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
प्रसूति (नार्मल वा सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ.आशु जैन MBBS, M.S., M.ch Neuro Surgeon
दिनांक 1 जून, दिन रविवार
डॉक्टर्स हॉउस सुबह 9 से 11.30 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 11.30 बजे से 1.30 बजे तक
एसआरएस हॉस्पिटल 2 बजे से शाम 4.30 तक
गायत्री हॉस्पिटल शाम 4.30 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ? वारसी शिफा खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, कर्ज, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, बार-बार हमल गिर जाना, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, नपुंसकता, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

Dr. V.K. Patel Cosmetologist
मुँहासे, चेहरे की झुर्रियां, त्वचा का कालापन बालों का झड़ना, बुटोक्स व स्टेम सेल थेरेपी कान के बड़े छेद बिना टांके के बन्द करना स्किन से सम्बंधित अन्य उपचार
शनिवार एवं रविवार शाम 4 से 6 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

रायपुर के प्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ आपके शहर अंबिकापुर में डॉ. विकास गोयल MD Med, DM Haematology
हिमेटोलॉजी एंड ब्लड कैंसर क्लीनिक
खून की कमी, सफेद कोशिकाओं और प्लेटलेट्स की कमी
सिकल सेल एनीमिया, थैलीसीमिया, आदि विकार
सभी प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मायलोमा)
बगल, जांघों में अथवा गर्दन में गांठ
पेट में तिल्ली, लीवर में सूजन
एवं संबंधित अन्य रोग
दिनांक 25 मई 2025 दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ डॉ.अमित मुखर्जी M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
25 मई 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
प्रोस्टेट बढ़ जाना।
पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
दिनांक 21 मई 2025 दिन - बुधवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. तुषार जैन M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन) (सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनांक – 11 मई, 2025 दिन – रविवार सुबह 11 बजे से 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. ए.एफ. दानिश बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
रविवार, 11 मई 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ.आर.के. साहू MBBS, MD (MEDICINE) DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श डॉ. अनिल कुमार यादव एम.डी.(बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी एमडी, डीएम (कार्डियोलाजिस्ट)
डॉ.रोशन लाल वर्मा MD (T.B & Respiratory diseases) दमा, टीबी, छाती एवं एलर्जी
दिनांक 25 मई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें मो. 9713667433, 9617247433

## खबर संक्षेप



### नपं शिवनंदनपुर संचालन समिति द्वारा मेघावी छात्र काव्य को किया सम्मानित

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर संचालन समिति द्वारा नगर के मेघावी छात्र काव्य तायल के सीबीएसई 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 98.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किए जाने पर छात्र को सम्मानित किया गया है। यहां पर नगर पंचायत शिवनंदनपुर द्वारा मेघावी छात्र काव्य तायल को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट किया गया।सम्मान कार्यक्रम में नपं शिवनंदनपुर संचालन समिति के अध्यक्ष कृष्ण गोयल बल्लू,उपाध्यक्ष श्यामू साहू, सीएमओ सुनील सिन्हा, सदस्य शीतीकांत स्वाई, मनी बग्गा, अमरलाल साहू, रविशंकर, गोपाल तायल, दिनेश अग्रवाल, विकास तायल व अन्य उपस्थित थे।

### ब्राह्मण समाज ने मेधावी छात्रा समीक्षा को किया सम्मानित



**रामानुजगंज।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रा एवं मनोज तिवारी की बेटी समीक्षा तिवारी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 93.66 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए जिले में आठवां एवं विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। परीक्षा परिणाम आते ही विद्यालय के प्राचार्य हरिओम गुप्ता ने समीक्षा के घर जाकर मिठाई खिलाया और कहा कि बिटिया ने अपने परिवार, स्कूल एवं नगर के साथ ही ब्राह्मण समाज को भी गौरवान्वित किया है। ब्राह्मण समाज के विकास दुबे, यशपाल दुबे, डॉ. गोरख पांडेय, विनय पांडेय, उज्जवल तिवारी एवं अनमोल पांडेय ने सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के ब्लॉक अध्यक्ष विकास दुबे ने कहा कि समाज के लिए गौरव की बात है कि समीक्षा ने इतने अच्छे अंको से कक्षा दसवीं की परीक्षा उतीर्ण की है। समाज के लोगों ने समीक्षा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मुख्यमंत्री डीएवी स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत

**राजपुर।** सीबीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं के घोषित नतीजे में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु के बच्चों ने शत प्रतिशत परिणाम हासिल कर विद्यालय की






गरिमा बरकरार रखा। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में जीत का परचम लहराया है। 12वीं में विज्ञान संकाय से लक्ष्मी यादव ने 80.40 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय से रानी गुप्ता और अनन्या गुप्ता ने क्रमशः 76.20 और 76.00 प्रतिशत अंको के साथ बड़ी कामयाबी हासिल की है। वहीं 10वीं में शारदा पैकरा ने 87 प्रतिशत अंक लाकर सबको गौरन्वित किया है। बोर्ड परीक्षा में शानदार तथा शत प्रतिशत परिणाम से विद्यालय परिवार व अभिभावकों में ख़ुशी का माहौल है। बच्चों ने अपनी उपलब्धि का पूरा श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष झा ने कहा कि डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल ने लगातार अपने बेहतर प्रदर्शन से शिक्षा के उच्च मापदंडों को कायम करने में न सिर्फ सफलता हासिल किया है, बल्कि अपनी शैक्षिक गुणवत्ता से मिल का पत्थर भी साबित हुआ है। उन्होंने बच्चों के लिए कहा कि बच्चे अपने लक्ष्य की तरफ मज़बूती से कदम बढ़ाएँ तथा आगे भी स्कूल और माता-पिता का नाम रौशन करें।

### जवाहर नवोदय विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**अम्बिकापुर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खलीबा का कक्षा 12वीं विज्ञान एवं मानविकी तथा कक्षा दसवीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा





12वीं विज्ञान में प्रथम दिव्या ज्योति यादव ने 96 फीसदी, द्वितीय तनिष्क कंसारी ने 93.4 फीसदी, तृतीय आर्यन कुमार प्रजापति ने 92.4 फीसदी अंक हासिल किया है। कक्षा 12वीं मानविकी में प्रथम दिव्यांश गुप्ता ने 96.2 फीसदी, द्वितीय युविका तिवारी ने 94.4 फीसदी, तृतीय उपरांशु सोनी ने 94 फीसदी एवं कक्षा 10वीं में प्रथम अक्षत पटेल ने 96 फीसदी, द्वितीय सैलवी बड़ा ने 93.2 फीसदी तृतीय, आकर्षित अग्रवाल ने 92.2 फीसदी अंक हासिल किया है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विद्यालय ने शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। इस सफलता के पीछे विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के अथक प्रयासों का प्रतिफल बताया जा रहा है। शिक्षकों ने ज्ञान के साथ प्रेरणा और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को सशक्त किया। प्राचार्य डॉ.एसके सिन्हा ने सभी छात्रों, शिक्षकों, स्टाफ और अभिभावकों को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

### तस्करों ने जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में बनाया डिपो

# खदान क्षेत्र में सक्रिय अवैध कोयले के व्यापारी



खदान से कोचला चोरी करते ग्रामीण।



जिले के सरहदी क्षेत्र में डम्प किए गए कोयला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/महंगई

गर्मी का मौसम शुरू होते ही एक बार फिर जिले में अवैध कोयला के कारोबारी खदान क्षेत्र में न सिर्फ सक्रिय हो गए है बल्कि बड़े पैमाने पर कोयला की तस्करी कर रहे है। गायत्री खदान से ग्रामीण कोयला चोरी कर किलो के भाव से चंद पैसा लेकर बंद पड़े चिमनी ईट भट्ठा में तस्करों को बेच रहे है। इधर कोयला के अवैध कारोबारी ट्रक के माध्यम से दूसरे क्षेत्र में खपाते है। हैरानी की बात तो यह है कि सूरजपुर जिले के खदान से चोरी का कोयला सरगुजा के कोल माफिया न सिर्फ खरीदते है बल्कि जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में डिपो बना रखे है जहां से कोयला का अवैध कारोबार संचालित होता है।

**खास बातें**

- तस्कर ग्रामीणों से औने-पौने दाम पर खरीदते है चोरी का कोयला
- ट्रकों के माध्यम से बड़े पैमाने पर करते है कोयला की तस्करी

सूरजपुर जिले में स्थित एसईसीएल के गायत्री खदान से ग्रामीण कोयला चोरी कर बाइक के माध्यम से जिले के सरहदी गांव लैंगा, पोतका में डिपो बनाकर खरीदी कर रहे माफियाओं को औने पौने दाम पर बेच रहे हैं। जहां से ट्रक , ट्रैक्टर पिकअप,जैसे वाहनों में लोड कर संभाग के ईंट भट्ठों में खपाने का काम पिछले कई महीनो से बदस्तूर जारी है। दोनों गांव सरगुजा जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आता है। सूरजपुर एसपी प्रशांत ठाकुर के सख्त तेवर के बाद तस्करों ने उदयपुर थाना क्षेत्र के इन गांवों को अपना सुरक्षित ठिकाना बना लिया है। ग्राम लैगा गांव में बंद पड़े चिमनी ईंट भट्ठा तो वहीं पोतका में कई जगहों पर डिपो बना कर ग्रामीणों द्वारा खदान से कोयला चोरी कर लाए गए कोयले की खरीदी की जाती है। इधर एसएसपी के सख्त तेवर के बाद भी एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के गायत्री भूमिगत खदान परिसर से कोयला चोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। त्रिपुरा रायफल बटालियन के जवानों की खदान में तैनाती के बावजूद शाम ढलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण प्रतिबंधित खदान परिसर में घुसकर धड़ल्ले से कोयला चोरी को अंजाम दे रहे हैं। खदान से बड़े पैमाने पर कोयला चोरी होने से एसईसीएल को भारी क्षति हो रही है। कोयला चोरी को लेकर खान प्रबंधन भी कोयला चोरी की शिकायत कई बार जिला व पुलिस प्रशासन से कर कार्रवाई की मांग कर चुके है। लेकिन कार्रवाई नहीं होने से कोयला चोरों के हौसले बुलंद है।

## लैंगा गांव से हो रहा कोयले का अवैध कारोबार

कोल माफिया ने कोयला का अवैध कारोबार करने का ठिकाना बदल दिया है। अब कोयला माफिया द्वारा गायत्री खदान से जंगल होते हुए करीब चार किलोमीटर दूर उदयपुर थाना क्षेत्र के लैंगा गांव में खदान से चोरी का कोयला खरीदी का ठिकाना बना लिया है। गायत्री खदान से बोरियों में कोयला चोरी कर साइकिल और बाइक से जंगल के रास्ते लैंगा गांव में बन्द पड़े ईंटा भट्ठे में ले जाकर ढाई रुपये किलो के हिसाब से कोयला माफिया को बेच रहे है। वहां से ट्रकों में कोयला लोड कराकर अंबिकापुर कोयले की तस्करी की जा रही है। अब भी लैंगा स्थित बंद ईट भट्ठे के पास लगभग 60 टन अवैध कोयला पड़ा हुआ है। बावजूद इसके अवैध कोयला को लेकर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे में अब पुलिस के कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे है।

### अधिकारियों को करते है गुमराह

तीन महीने पूर्व लैगा गांव स्थित बंद पड़े चिमनी भट्ठे में खनिज विभाग की टीम पहुंची और लगभग 25 टन कोयला जब्त कर मौके पर ही छोड़ दी। इधर कोल माफिया इसका खूब फायदा उठा रहे है। तस्कर कुछ ही दिन बाद जब्त कोयले को बेचकर उस जगह पर बार-बार खरीदी बिक्री के माध्यम से अवैध कमाई करने जरिया बना लिया है। इधर जैसे ही कोई अधिकारी मौके पर पहुंचता है तो उसे मौके पर मौजूद कोयले को पूर्व में हुए कार्रवाई के दौरान जब्ती बता कर गुमराह कर दिया जाता है। कोल माफिया लगातार जब्त कोयले को बेचकर उसके जगह पर फिर से चोरी का कोयला खरीदी कर इस गोरख धंधे को अंजाम देने में लगे हुए है।

### की जाएगी कार्रवाई

कोयला चोरी के संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर तत्काल मामले को गंभीरता से लेकर जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-राजेश अग्रवाल
एसपी सरगुजा



## सूरजपुर स्वास्थ्य सेवाओं में अव्वल, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर छग में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सूरजपुर जिला स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2024-25 की अटल मॉनिटरिंग पोर्टल रैंकिंग में पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की गुणवत्ता, प्रभावशीलता और पहुंच को दर्शाती है।

अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के निवारक, प्रोत्साहनात्मक और उपचारात्मक पक्षों का आकलन किया जाता है। इस मूल्यांकन में सूरजपुर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों के माध्यम से जनसामान्य तक उत्तम सेवाएं पहुंचाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, जन-जागरूकता अभियान तथा सेवा प्रदाय की सतत निगरानी ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एस जयवर्धन के मार्गदर्शन और सीएमएचओ केडी पैकरा, सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम एवं डीपीएम प्रिंस जायसवाल के नेतृत्व एवं चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतरी के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए कलेक्टर द्वारा नियमित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की जाती है और सभी स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया जाता है।

### स्वयं सेवकों ने स्थापित किया प्याऊ



**वाड्रफनगर।** शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय के रासेयो इकाई के स्वयं सेवकों ने गर्मी के मौसम में नागरिकों और राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर के तहसील कार्यालय के समीप प्याऊ स्थापित किया। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि समय-समय पर प्याऊ की साफ-सफाई एवं रखरखाव का ध्यान दिया जाएगा।



## जयनगर साप्ताहिक बाजार से चोरी की गई 12 बाइक समेत चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

साप्ताहिक बाजार जयनगर व अन्य अलग अलग स्थानों से बाइक चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने दर्जनभर चोरी की गई दर्जन भर बाइक को जब्त किया है।

गौरतलब है कि लंबे समय से साप्ताहिक बाजार जयनगर में आने वाले लोगों की बाइक चोरी की घटनाएं हो रही थी। बाइक चोरी की लगातार मिल रही शिकायतों पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर द्वारा जयनगर थाना प्रभारी को शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने के निर्देश दिए गए थे।इसी तारतम्य में गुरुवार 15 मई को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की बाइक में एक व्यक्ति अंग्रेजी शराब दुकान के समीप पुलिया के पास घूम रहा है।सूचना मिलते ही जयनगर थाना प्रभारी टीआई नरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी करके बाइक सवार से वाहन के कागजात की मांग की गई। बाइक का कोई कागजात नहीं दिखाए जाने पर चोरी की संदेह के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ किया तब आरोपी की निशानदेही पर अन्य तीन लोगों के कब्जे से करीब ग्यारह चोरी की गई बाइक की जब्ती की जा सकी है। आरोपियों द्वारा कुछ बाइक के नंबर प्लेट बदलकर फर्जी नंबर अंकित कर दिए गए थे और कुछ बाइक के नंबर प्लेट को हटा दिया गया था। पुलिस ने बताया कि जब्त बाइक में ग्राम पंचायत कसलगिरी निवासी प्रार्थी हीराधन राजवाड़े पिता आलम साय की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीजी 1584 व ग्राम पंचायत पार्वतीपुर निवासी केश्वर तिग्गा पिता साखू राम की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीजेड 2376 जो जयनगर साप्ताहिक बाजार से चोरी हुई थी, उसे बरामद कर लिया गया है। इसके अलावा आरोपियों द्वारा अलग अलग स्थानों से और चोरी किए गए दस बाइक को भी आरोपियों की निशानदेही पर जब्त किया गया है। मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2), 35 (1-घ) के तहत कार्यवाही करते हुए आज शुक्रवार को सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपियों ने बताया कि सुरजपुर से बस या अन्य साधनों से जयनगर साप्ताहिक बाजार में आते थे और रेकी करके वाहनों में दूसरी चाबी डालकर चेक करते थे। दूसरी चाबी से जो भी बाइक स्टार्ट हो जाती थी, उसे लेकर फरार हो जाते थे। कार्यवाही में जयनगर थाना प्रभारी टीआई नरेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सोहन सिंह, प्रधान आरक्षक दीपक दुबे, राजेंद्र एक्का, आरक्षक राजकुमार पासवान, नगर सैनिक जहांगीर, मुजाहिद व अन्य सक्रिय रहे। जयनगर पुलिस ने बताया कि दर्जन भर बाइक के चोरी मामले में सुरजपुर निवासी 35 वर्षीय मनोज रजक पिता दरबारी रजक, 32 वर्षीय राम दास पिता बुधो राम, सुरजपुर नवापारा निवासी 24 वर्षीय आरिफ इराकी पिता सिराजुद्दीन, सुरजपुर मस्जिदगली निवासी 29 वर्षीय नफीस पिता अरशद हुसैन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा मामले में अब जब्त बाइक के चेसिस व इंजन नंबर के माध्यम से आरटीओ की मदद लेकर वाहन स्वामियों की जानकारी एकत्र की जा रही है।

## दुर्गा बाड़ी परिसर में संभागीय कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



काव्य श्रृंखला के तत्वाधान में बुधवार को घड़ी चौक स्थित दुर्गा बाड़ी परिसर में सांसद चिंतामणि महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर की उपस्थिति में संभागीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन में संभाग भर के कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। सांसद चिंतामणी महाराज ने ऐसे कार्यक्रम निरंतर किए जाने की आवश्यकता बताई तथा कहा कि जहां न पहुंचे रवि वहां पहुंचे कवि वाली बात बिलकुल सत्य है। कवि हमारे राष्ट्र एवं समाज की धरोहर हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि हमारे देश की सेना ने पाकिस्तान को सबक सिखाकर पहलगाम का बदला ले लिया है। कवियों ने अपनी कलम की ताकत से सेना के शौर्य का बखान किया है। अनिल सिंह मेजर ने कहा कि कलमकारों के कलम की ताकत से ही समाज में बड़े परिवर्तन होते हैं। गोष्ठी के प्रारंभ में श्याम बिहारी पाण्डेय ने भारत को भारत बनने में कितनों ने कुर्बानी दी, डॉ.योगेन्द्र गहरवार ने घाटी में जब 26 हिंदुओं की हत्या हुई, विनोद हर्ष ने गजवा ए हिन्द का शौक पाले है, पाक का कुत्ता भाड़े का, अंबरिश अंबुज ने समझो के तुमको समझाना पड़ेगा, संतोष सरल ने भारत मां का है वरदान, नमो अब प्रहार करो, पंकज राम भक्त ने शेर शिवा ने जब-जब भी अपनी तलवार उठाया है, श्रीमती अर्चना पाठक ने मौन ही करता रहा मौन से संवाद, श्रीमती मीना वर्मा ने जिसने अपनी नींदे गवाईं लोरी गा उसे सुलाया था, कृष्णकांत पाठक ने काश मैं भी बादल होता, प्रकाश कश्यप ने हमर देश की माटी चंदन, मंदिर खेत कियारी है रचना सुनाकर वाहवाही बटोरी। गोष्ठी का संचालन देवेन्द्र नाथ दुबे तथा आभार प्रदर्शन अंजू पाण्डेय ने किया। इस दौरान मुकुंदलाल साहू , राजनारायण द्विवेदी को उनकी साहित्यिक गतिविधियों में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## एसईसीएल चिकित्सा विभाग के 8 अधिकारियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल मुख्यालय द्वारा आज शुक्रवार को आठ चिकित्सकों का तबादला आदेश जारी कर उन्हें नई पदस्थापना दी गई है। तबादला आदेश में कुछ को प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार और कुछ को उनके व्यक्तिगत अनुरोध पर स्थानांतरित किया गया है। जारी आदेश में डॉ. उमा शंकर वर्तमान में सीएमओ सोहागपुर क्षेत्र को बिश्रामपुर क्षेत्र में एरिया मेडिकल ऑफिसर के रूप में स्थानांतरित किया गया है।यह नियुक्ति डॉ. बिमलेश्वर प्रधान के 31 मई 2025 को सेवानिवृत्त होने के मद्देनजर की गई है। डॉ. देवेंद्र टुडू हसदेव क्षेत्र से स्थानांतरित होकर अब वे जेएंडके क्षेत्र में एएमओ के रूप में सेवा देंगे।यह नियुक्ति भी डॉ मनोज कुमार की 31 मई को होने वाली सेवानिवृत्ति को देखते हुए की गई है। डॉ दीप्तनु सरकार मेडिकल अधीक्षक को दीपका क्षेत्र से सोहागपुर क्षेत्र, डॉ खम्भपति प्रियता उप चिकित्सा अधीक्षक को बिश्रामपुर क्षेत्र से हसदेव क्षेत्र में स्थानांतरित किया गया है।डॉ जटोथु अश्विनी नाइक उप चिकित्सा अधीक्षक को सोहागपुर क्षेत्र से एसईसीएल मुख्यालय, डॉ जूली कुमारी सिंह वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी को कोरबा क्षेत्र से एसईसीएल मुख्यालय, डॉ अपूर्व शर्मा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी को कोरबा क्षेत्र से मुख्यालय, डॉ मिलन साहेबराव चक्रनारायण वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी को दीपका क्षेत्र से कोरबा क्षेत्र स्थानांतरित किया गया है।

## महापौर व एमआईसी सदस्यों ने किया निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- शासन से जारी हुई 239 लाख की राशि, 2 महीने में काम पूर्ण करने के निर्देश

नगर निगम की सरकार ने शुक्रवार को नगर निगम के निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर और ए म आ ई सी सदस्यों ने शासन द्वारा स्वीकृत 2 करोड़ 39 लाख रूपए की राशि से शेष बचे कार्यों को अगले दो महीने के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि जल्द से जल्द नवनिर्मित भवन में कार्यालय का संचालन हो सके। बता दें कि शहर के गौरवपथ में नगर निगम के प्रशासनिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

पूर्व सरकार की पहल पर शासन से मिली 4 करोड़ 99 लाख रूपए की राशि से निर्माण कार्य शुरू कराया गया था लेकिन बाद में निर्माण के लिए राशि कम पड़ गई थी। विद्युतीकरण, दरवाजा, प्लास्टर, पेंट पुट्टी सहित अन्य कार्यों के लिए राशि कम पड़ने पर नगर निगम की नई सरकार द्वारा शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। शासन से भवन के लिए 2 करोड़ 39 लाख 40 हजार रूपए की स्वीकृति मिली है। राशि जारी होने के बाद नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के साथ ही एमआईसी सदस्यों, पार्षदों, ननि आयुक्त डीएन कश्यप ने निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर व परिषद के सदस्यों ने निर्माण की गुत्वात्ता और कार्य की प्रगति पर संतुष्टि जाहिर की। इसके साथ ही उन्होंने 2 महीने के भीतर शेष बचे कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश ठेकेदार व अधिकारियों को दिए। इस दौरान एमआईसी सदस्य मनीष सिंह, सुशांत घोष, श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, श्रीमती ममता तिवारी, विशाल गोस्वामी, रविकांत उरांव, जितेन्द्र सोनी, शशिकांत जायसवाल व श्रीमती किरण दीपक सिंह तोमर, मनोज कसारी, दीपक सिंह तोमर, विकास गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।


**छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक**
**भारत सरकार, राज्य शासन और भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम**
**क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर, द्वितीय तल, कुसुमतारा काम्प्लेक्स, न्यु महामाया रोड जिला सरगुजा (छ.ग.)**
**Telephone : 7067699572, 6232033095, Emall-npa.ro.amb@cgbank.in**

**वाहन नीलामी सूचना**

बैंक द्वारा जब्त किए गये निम्नलिखित वाहन की नीलामी **"जहां है जैसा है जो भी है"** के आधार पर दर्शायी गयी तिथि एवं स्थान पर किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र. | सम्बंधित शाखा का नाम | ऋणी का नाम पता | वाहन का नाम/ जानकारी | वाहन का पंजीयन क्रमांक | प्रारक्षित मूल्य रू. | धरोहर राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गांधीनगर | श्री उत्कर्ष सिन्हा पिता सुजीत कुमार सिन्हा, उम्र 26 वर्ष, सामान्य वर्ग निवासी केनाबांध, बीरिपारा, अंबिकापुर | (TATA ALTROZ XZ+ 1.5) मॉडल 2023 | TEMPREG | 5,75,000 | 57,500 |
| 2 | लक्ष्मीपुर | अजय यादव पिता राम बढ़ाई वार्ड-23, बौरीपारा, अम्बिकापुर | E RICKSHAW (KUKU AUTOMOTIVES MARS) | CG15EA9057 | 22,000 | 2,200 |
| 3 | लक्ष्मीपुर | श्रीमती सुषमा गोस्वामी पति महेश गोस्वामी | E RICKSHAW (SAERA ELECTRIC AUTO PVT LTD MAYURI STAR) | CG153847 | 18,000 | 1,800 |

**नीलामी स्थल: छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर पता- द्वितीय तल, कुसुमतारा, न्यु महामाया रोड, अम्बिकापुर छ.ग - 497001 नीलामी तिथि : दिनांक 02.06.2025, समय प्रात: 11.00 बजे।**

1. यह की इस नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पक्ष में धरोहर / अमानत राशि का भुगतान आदेश / मांग ड्राफ्ट सहित आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर के पास दिनांक 02 .06 .2025 सुबह 10 .45 बजे तक जमा करना होगा। 2 . आवेदन में शाखा का नाम वाहन क्र . स्पष्ट रूप से लिखकर बोली राशि अंको एवं शब्दों में लिखकर स्वयं के पहचान पत्र की फोटो कापी सहित, वाहन धरोहर राशि, आदेश / मांग ड्राफ्ट का विवरण आवश्यक रूप से देना होगा। 4 . सफल बोली लगाने वाले को विक्रय मूल्य की 25% राशि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पक्ष में नगद / भुगतान आदेश / मांग ड्राफ्ट द्वारा तुरंत (24 घंटे के अन्दर) जमा करना होगा, पूर्व में जमा की गयी राशि को इसमें समायोजित किया जायेगा एवं शेष 75% राशि नीलामी विक्रय की पुष्टि से 15 दिन अथवा उसके पूर्व जमा करना होगा, ऐसा न करने पर उक्त 25% राशि जप्त कर ली जाएगी, एवं उक्त वाहन की पुन: नीलामी की जावेगी। 5 . नियम एवं शर्तों के अधीन पूर्ण रूपेण सही एवं सर्वाधिक बोली पाय जाने वाली सीलबंद निविदा को सफल घोषित किया जायेगा व अन्य व्यक्तियों के भुगतान आदेश / मांग ड्राफ्ट नीलामी के बाद बिना ब्याज के वापस कर दिया जायेगा| निविदा / नीलामी को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार उक्त कार्य हेतु गठित कमिटी का होगा। 6 . बिक्री प्रमाण पत्र पूरे निविदा मूल्य एवं अन्य खर्चो के जमा करने पश्चात ही सुपुर्द किये जावेंगे। 7 . इस विज्ञापन के माध्यम से ऋणी को नीलामी की सूचना दी जा रही है।

**दिनांक 16.05.2025** **प्राधिकृत अधिकारी**

## खबर संक्षेप





### रविन्द्र कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित प्रदेश मंत्री मनोनीत

**अम्बिकापुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतीय, राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद चांदनी चौक प्रवीण खण्डेलवाल की सहमति से रविंद्र तिवारी को छत्तीसगढ़ राज्य का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। रविंद्र तिवारी इसके पूर्व सरगुजा कैट के अध्यक्ष थे। उनकी नेतृत्व क्षमता को देखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। विगत पांच वर्षों में उन्होंने कैट संगठन को सरगुजा जिले में स्थापित किया और व्यापारियों के हित में अनेकों रचनात्मक कार्य शासन-प्रशासन से समन्वय स्थापित कर किया है जिसके कारण कैट संगठन में उनका विशेष स्थान स्थापित हुआ है। संगठन के प्रदेश मंत्री पद पर अमित अग्रवाल एवं सरगुजा कैट का अध्यक्ष पर दर मुकेश अग्रवाल को मनोनीत किया गया है। सभी पदाधिकारियों का कार्यकाल तीन वर्ष होगा।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा



**सीतापुर।** आतंकवाद के सफाया के लिए भारत सरकार द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाली। विधायक रामकुमार टोप्पो के नेतृत्व में भारत माता के जयकारे के साथ निकली तिरंगा यात्रा मुख्य मार्ग से भ्रमण करते हुए शहीद भगत सिंह चौक पहुंची। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना के शहीद जवान एवं आम नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारत जिंदाबाद के नारे लगाए गए। इस दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के अदम्य साहस और आक्रामकता को पूरी दुनिया ने देखा। आज भारत की सेना विश्व की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में से एक मानी जाती है। हमारा देश आज दुश्मन देशों को हर मोर्चे पर मजबूती से जवाब देना जानती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना की ताकत और सामरिक शक्ति का पूरा विश्व लोहा मान रही है। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं नगरवासी मौजूद थे।

### सरगुजा के 13 भाजपा मंडलों की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**अम्बिकापुर।** सरगुजा अंतर्गत विभिन्न भाजपा मंडलों की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अनुशंसा पर 16 मंडलों में से भाजपा मंडल कुन्नी, देवगढ़, धौरपुर, नवनगर, परसा, बतौली, मैनपाट, राजापुर, रामगढ़, लखनपुर, लुड्रा एवं सीतापुर के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की सूची जारी की गई। अस अवसर पर श्री सिसोदिया ने नवगठित मंडल पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं दी तथा कहा कि भाजपा परिवार में नवस्फूर्ति के साथ हम सब मिलकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे।

### भाजपा मंडल बिहारपुर के महामंत्री बने जायसवाल

**बिहारपुर।** भाजपा जिला संगठन सूरजपुर ने मंडल कार्यकारिणी का गठन किया है।



कार्यकारिणी में भाजपा मंडल बिहारपुर में चांदनी क्षेत्र के सक्रिय चेहरे बीपी जायसवाल को मंडल महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीपी जायसवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष रामपाल जायसवाल के सुपुत्र है। सांगठनिक कार्य कुशलता एवं लगातार सक्रियता के कारण उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## हेल्थ प्लस



### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 18 मई को छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.अमित जैन, मनोचिकित्सक डॉ.गौरी शंकर सिंह, बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ.रितेश रंजन, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार अग्रवाल, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.करण सराफ, ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ.स्नेहिल गोस्वामी संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगें।

## नदी के अस्तित्व पर संकट

# मांड नदी से तस्कर बेखौफ होकर दिन के उजाले में कर रहे तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

शासन के सख्त निर्देश के बाद भी जिले में रेत उत्खनन और परिवहन का खेल बलरामपुर के साथ ही सरगुजा जिले में भी चल रहा है। तस्कर बेखौफ होकर अवैध रूप से नदियों से रेत निकाल रहे है और इसकी तस्करी का गोरखधंधा चल रहा है। बड़ी बात यह है कि पीएम आवास निर्माण हेतु रेत उत्खनन को लेकर सरकार से मिली छूट की आड़ में तस्कर अपना कारोबार चला रहे है और इससे शासन को करोड़ो रूपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर बेतहाशा रेत निकालने से नदियों पर भी संकट मंडरा रहा है और इनमें से एक है क्षेत्र में बहने वाली मांड नदी। हैरानी की बात तो यह है कि तस्करों के चक्कर में बलरामपुर जिले में एक आरक्षक की मौत के बाद भी जिला प्रशासन और खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन पर रोक लगाने को लेकर कोई पहल नहीं की।

**खास बात**
- सख्त निर्देश के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

बता दें कि हाल ही में बलरामपुर जिले के सनावल क्षेत्र में कनहर नदी से अवैध रेत उत्खनन के दौरान तस्करों द्वारा आरक्षक की हत्या किए जाने का मामला सामने आया था जिसके बाद प्रदेशभर में हड़कंप मचा हुआ है लेकिन यही स्थिति सरगुजा जिले में भी बनी हुई है। क्षेत्र में भी इन दिनों तस्कर सक्रिय है और बेखौफ होकर अवैध रूप से रेत का उत्खनन करने के साथ ही परिवहन कर रहे है। वर्तमान में माफियाओं की नजर क्षेत्र के ग्राम राजौटी-भिठुवा प्रतापगढ़, खड्गांव महारानीपुर स्थित मांड नदी पर पड़ी हुई है। तस्कर बेखौफ होकर मांड नदी से बालू निकाल रहे है और ट्रैक्टर के माध्यम से रेत की ढुलाई कर रहे है। तस्करों द्वारा ट्रैक्टर से लाए गए रेत को एक स्थान पर भंडारित करने के बाद उसे हाइवा में भरकर बाहर के क्षेत्रों में खपाया जाता है। इस तरह तस्कर प्रतिदिन लाखों रूपए की अवैध कमाई कर रहे है। हैरानी की बात तो यह है कि दिन के उजाले में चल रहे इस अवैध कारोबार पर कोर्ट और शासन के सख्त निर्देश के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जिले के जिम्मेदार अधिकारियों ने अपनी आंखें मूंद ली है जिसका फायदा ये तस्कर उठा रहे है और बेखौफ होकर अपना कारोबार कर रहे है। ऐसा नहीं है कि अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है लेकिन उनकी ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जाती है जिससे विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है।



नदी से रेत उत्खनन करते लोग।

### बिगड़ रहा नदी का स्वरूप

नदियों से बेतहाशा रेत निकालने से नदियों का स्वरूप बिगड़ रहा है और उनके अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। वर्तमान में भी मांड नदी से लगातार हो रहे उत्खनन के चलते कई गांव के लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि अवैध उत्खनन पर तत्काल रोक लगानी चाहिए ताकि लोगों को भविष्य में पेयजल की समस्या से ना जूझना पड़े।

### बिना पिट पास के हो रहा परिवहन

ग्राम प्रतापगढ़ स्थित मांड नदी से अवैध उत्खनन के साथ ही बिना पिट पास के रेत का परिवहन किया जा रहा है। रेत के इस अवैध उत्खनन की आड़ में खनन करने वालो से ग्राम पंचायत द्वारा अवैध उगाही की जा रही है। दरअसल ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ को पूर्व में खनिज विभाग द्वारा पिट पास जारी किया गया था जिसकी बदौलत प्रतापगढ़ स्थित मांड नदी से रेत खनन एवं परिवहन किया जाता था मौजूदा समय में खनिज विभाग द्वारा ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ को पिट पास जारी नहीं किया है इसके बाद भी मांड नदी से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन जारी है। इस अवैध खनन एवं परिवहन को ग्राम पंचायत की शह मिली हुई है। ग्राम पंचायत के सरपंच ने इस अवैध खनन एवं परिवहन को अपनी कमाई का जरिया बना लिया है।

### पीएम आवास योजना की आड़ में रेत तस्करी

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांव में व्यापक पैमाने पर पक्के घर बनाए जा रहे है। जिसके लिए नदी से ट्रैक्टर के माध्यम से रेत खनन एवं परिवहन की छूट दी गई है। इस छूट के तहत ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा लिखित रूप से जिस ट्रैक्टर को अनुमति दी गई है केवल वही नदी से रेत खनन एवं परिवहन कर सकता है। इस दौरान वाहन चालक के पास सरपंच द्वारा जारी अनुमति पत्र साथ होना चाहिए लेकिन यहां भी रेत माफियाओं ने अपना जुगाड़ बना लिया। वो प्रधानमंत्री आवास योजना की आड़ में नदी से रेत खनन कर ट्रैक्टर से परिवहन कराने लगे। जिसे वो रेत डंपिंग ग्राउंड में इकट्ठा करने के बाद वहां से हाइवा वाहन के जरिये बाहर खपाते है। जिसके बदले उन्हें मोटी कमाई होती है।

### की जाएगी कार्रवाई

प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए रेत उत्खनन और परिवहन की छूट दी गई है लेकिन उसके लिए भी एक प्रावधान बनाया गया है। इस प्रावधान के विपरीत अगर कोई रेत खनन और परिवहन करता है तो वह अवैध है। ऐसा करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

\- त्रिवेणी देवांगन
माइनिंग इंस्पेक्टर

# नेता प्रतिपक्ष का बयान दुर्भाग्यपूर्ण निगम सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर की जर्जर सड़कों के लिए सीएम की घोषणा के बाद भी 23 करोड़ रूपए नहीं जारी होने पर ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद द्वारा दिए बयान के बाद महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। महापौर श्रीमती भगत ने नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के घोषणा कर भूल जाने के नेता प्रतिपक्ष के आरोप को एक सिरे से खारिज किया है।



- कहा-सरकार गठन के दो महीने के भीतर ही मिली 197 करोड़ की स्वीकृति

उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय ने अंबिकापुर शहर के विकास के लिए 23 करोड़ की राशि को स्वीकृति प्रदान कर उसकी प्रथम किश्त की राशि 3.83 करोड़ रुपये जारी भी दी है। नगर निगम क्षेत्र में डामरीकरण के कार्य हेतु निविदा की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है जिसमें अविलंब निर्माण कार्य प्रारंभ होना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अधोसंरचना और शहर के सर्वांगीण विकास के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट योजना के तहत 123 करोड़ के कार्य की निविदा भी पूरी हो चुकी है। यही नहीं नगर निगम अंबिकापुर के गठन के दो माह के अंदर ही मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत कला व संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महानगरों की तर्ज पर 1000 सीटर ऑडिटोरियम के निर्माण की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। वर्षों से लंबित लोगों की आस्था के केंद्र रही माँ महामाया मंदिर के मार्ग के विकास के लिए माँ महामाया कॉरिडोर योजना के तहत 15 करोड़ की राशि की तकनीकी स्वीकृति शासन से प्राप्त हो गई है। नगर के मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए मांगलिक भवन हेतु 3 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। प्रशासनिक भवन के अधूरे निर्माण को पूरा करने के लिए भी मुख्यमंत्री जी ने 2.39 करोड़ की राशि भी प्रदान की है। विद्यार्थियों के प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के लिए बनने वाले नालंदा परिसर(लाइब्रेरी) के निर्माण की प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि मेरे महापौर के रूप में शपथ लेने के दो महीने के भीतर ही अब तक राज्य सरकार द्वारा लगभग 197 करोड़ के निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की नगर निगम सरकार के पिछले कार्यकाल में उनकी प्रदेश में सरकार थी तब भी नगर निगम क्षेत्र के खस्ताहाल सड़कों के निर्माण के लिए उनकी निगम सरकार कोई बजट नहीं ला पाई, जिसको अपने बयान में नेता प्रतिपक्ष ने खुद ही स्वीकार भी किया है। इसलिए अब उनको समझ आ जाना चाहिए कि ये ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार है जो कहती है वो करती है। हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा की नगर निगम सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जन अपेक्षाओं व जनभावनाओं के अनुरूप शहर के विकास की परिकल्पना को लेकर नगर का सुव्यवस्थित नियोजन किया जाएगा।

### सड़क निर्माण के लिए नहीं मिली राशि, पुराने कार्यों की स्वीकृति पर मेयर कर रही गुमराह, कांग्रेस पार्षदों का आरोप

**अम्बिकापुर।** महापौर श्रीमती मंजूषा भगत द्वारा शफी अहमद के बयान पर दी गई प्रतिक्रिया के बाद कांग्रेस पार्षदों ने भी पलटवार किया है। वरिष्ठ पार्षद निमन राशि एक्का, गीता प्रजापति, पापिन्दर सिंह और शुभम जायसवाल ने कहा कि महापौर मंजूषा भगत शहर की सड़को को लेकर जनता को गुमराह कर रही हैं। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद सड़कों के लिए एक एक नया पैसा भी नहीं मिला है महापौर द्वारा कांग्रेस कार्यकाल की स्वीकृति को अपना बताया जाना दुर्भाग्यजनक है। उन्होंने महापौर को खुली चुनौती देते हुए बताया कि महापौर बताएं कौन कौन सी सड़को के लिए कितना पैसा जारी हुआ है। नेताप्रतिपक्ष ने सड़को के लिए राशि न मिलने पर सवाल उठाया था। महापौर दीगर विषयो पर अधूरी जानकारी दे रही है। कांग्रेस पार्षदों ने राज्य शासन के पत्र के हवाले से बताया कि महापौर जिन 3.83 करोड़ की प्रथम किश्त की बात कह रही हैं उनमें गांधी स्टेडियम में टेंसाइल रुफिंग के लिए 94.83 लाख, नवीन कार्यालय भवन के शेष कार्य के लिए 156.99 लाख और नवीन कार्यालय भवन में विद्युतीकरण के लिए 82.41 लाख रूपए जारी किया है। सड़कों के लिए एक पैसा भी नहीं मिला है। 123 करोड़ का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्वीकृति कांग्रेस के कार्यकाल में हुई थी। मुख्यमंत्री ने स्वयं इसका भूमिपूजन उसी कार्यक्रम में किया था जिसमे सड़को के लिए पैसे देने की बात कही थी। महामाया मंदिर कॉरिडोर भी कांग्रेस की परिकल्पना है। इसके तहत ही प्रथम चरण भव्य महामाया मंदिर प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य कराया गया है। हंसुआ की शादी में खुरपा के गीत गाना बंद कर महापौर जनता को बरगलाना बंद कर सीधे सीधे यह बताएं कि सड़के बरसात से पहले बन पाएंगी या नहीं। नेता प्रतिपक्ष का जनहित के सवाल को दुर्भाग्यजनक बंटाने में अपनी क्षमता लगाने की बजाए जाएं और मुख्यमंत्री से सड़कों के लिए पैसे लेकर आएं।

# होमगार्ड के जवान, फायर फाइटर्स द्वारा आग पानी व प्राकृतिक आपदा में रेस्क्यू का दिया डेमो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

अनुशासन, कार्यक्षमता वृद्धि, शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस को लेकर जिले में शुक्रवार को जनरल परेड का आयोजन हुआ जिसमें एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने परेड का निरीक्षण किया। परेड के पश्चात होमगार्ड के जवान,फायर फाइटर्स द्वारा आग लगने, पानी में डूबने और प्राकृतिक आपदा के दौरान मुसीबत में फंसे व्यक्ति की किस प्रकार रेस्क्यू कर जान बचाई जाती है उसका शानदार डेमो दिया। आमजनों की जान बचाने के लिए प्रशिक्षित इन जवानों के जज्बे और लगन को देखते हुए एसएसपी ने पूरी टीम को पुरस्कृत किया है।

- पुलिस लाईन में हुआ जनरल परेड, एसएसपी ने टीम को किया पुरस्कृत

पुलिस लाईन पर्री में शुक्रवार को आयोजित जनरल परेड का निरीक्षण एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारी व जवानों के टर्नआउट का निरीक्षण कर उत्कृष्ट वेशभूषा वाले 48 जवानों को इनाम दिए, जबकि लापरवाही पर बरतने वालों को सजा दी। इस दौरान राजपत्रित अधिकारियों से परेड के कमांड दिलवाए। परेड करना एवं कराना सभी का आना चाहिए इसी क्रम में एसएसपी श्री ठाकुर ने जवानों को परेड कराने के लिए प्रोत्साहित किया। जिस पर महिला प्रधान आरक्षक व महिला आरक्षक द्वारा रूचि लेते हुए प्लाटून को परेड कमाण्ड देकर परेड कराया। परेड पश्चात उन्होंने जवानों की समस्याओं को बड़े आत्मीयता से सुना और निराकरण का आश्वासन दिया। एसएसपी ने कहा कि इस ड्रिल का उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को परखना और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल की दक्षता को मजबूत करना था। प्रशिक्षण के माध्यम से आग, पानी में डूबने की स्थिति में अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया कर मुसीबत में फंसे व्यक्ति की जान बचाई जा सकेगी। जिला अग्निशमन अधिकारी संजय गुप्ता ने आग की रोकथाम और नियंत्रण के लिए समूह के साथ मिलकर काम करने को उपयोगी बताया। इस दौरान सीएसपी एसएस पैकरा, एसडीओपी अभिषेक पैकरा, नरेन्द्र सिंह पुजारी, सौरभ उईके, राजेश जोशी, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, अनूप एक्का, रितेश चौधरी, पीडी कुजूर के अलावा जिले के थाना-चौकी प्रभारी,फायर स्टेशन के सभी जवान व डीडीआरएफ के जवान सम्मिलित हुए।



### वाहनों में बलवा ड्रिल नहीं होने पर बरती गई सख्ती

परेड के उपरान्त एसएसपी ने शासकीय वाहनों का जायजा लिया और आकस्मिक स्थिति में निपटने के लिए बहुउपयोगी बलवा ड्रिल सामग्री का वाहनों में उपलब्ध को देखा। जिन वाहन चालकों द्वारा लापरवाही बरतते हुए बलवा ड्रिल सामग्री वाहनों में नहीं रखी उन्हें सजा दी और उक्त सामग्री अनिवार्य रूप से वाहनों में रखने के सख्त निर्देश दिए।



### ट्रक ने ट्रैक्टर को पीछे से मारी टक्कर, चालक घायल

**बिश्रामपुर।** धान पिसाई का काम करके वापस घर लौट रहे ट्रैक्टर चालक को ट्रक चालक ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दिया है। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक को चोट आई है। गौरतलब है कि लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करवां सड़कपारा निवासी 47 वर्षीय अर्जुन कुशवाहा पिता स्व. सुखलाल शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे ग्राम सोनगरा से धान मिसाई का कार्य करके ट्रैक्टर से वापस घर लौट रहा था। तभी अंबिकापुर-बनारस हाइवे मार्ग पर सोनगरा व सकलपुर चौक के मध्य अंबिकापुर की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक यूपी 70 जेपी 8423 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक अर्जुन कुशवाहा को हाथ, पैर के अलावा शरीर के कई हिस्से में चोट आई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक चालक नशे में धुत था और तेज वाहन चलाते हुए ट्रैक्टर को टक्कर मार दिया है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया है।

# सेना के शौर्य को समर्पित भव्य तिरंगा यात्रा एवं सिंदूर यात्रा कल

**अम्बिकापुर।** देशभक्ति, एकता और वीर शहीदों को नमन करने सरगुजा जिले में 18 मई को गौरवशाली तिरंगा यात्रा और सामूहिक सिंदूर यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह न केवल भारतीय सेना की बहादुरी और शौर्य को सम्मान देने का प्रतीक होगा, बल्कि आम नागरिकों की ओर से राष्ट्रभक्ति की अभिव्यक्ति भी होगी।

हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा किए गए निर्दोष सैलानियों के नरसंहार ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस अमानवीय कृत्य के बाद भारतीय सेना ने अद्वितीय साहस और रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए। सेना के इस साहसिक जवाब ने आंतकवादियों को करारा सबक सिखाया और पाकिस्तान को एक बार फिर घुटनों पर ला दिया। इस ऐतिहासिक सैन्य कार्रवाई की पृष्ठभूमि में सेना के शौर्य और 26 निर्दोष नागरिकों की शहादत को नमन करते हुए अम्बिकापुर में गैर-राजनीतिक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हर वर्ग, समुदाय और आयु वर्ग के लोग भाग लेंगे। तिरंगा यात्रा 18 मई को सायं 5 बजे गुरू नानक चौक से प्रारंभ होगी तथा विवेकानंद चौक पर श्रद्धांजलि सभा के साथ समाप्त होगी। इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य केवल विरोध प्रदर्शन नहीं बल्कि राष्ट्र की एकता, सेना के सम्मान और शहीदों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना है। इस अवसर पर जय स्तंभ चौक से घड़ी चौक तक मातृशक्ति की सहभागिता का प्रतीक सिंदूर यात्रा का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत नगर की मातृशक्ति द्वारा भी एक विशेष सिंदूर यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा के संयोजक विनोद हर्ष के साथ निलेश सिंह, जन्मेजय मिश्रा, नकुल सोनकर और अभिषेक सिंह तथा सिंदूर यात्रा की संयोजक श्रीमती मंजूषा भगत के साथ श्रीमती फुलेश्वरी सिंह, श्रीमती अरूणा सिंह, श्रीमती मधु चौदाहा और श्रीमती सोनू तिग्गा आयोजन की जिम्मेदारी निर्वहन करेंगे।

# जय मां दुर्गे परिवार की श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जय मां दुर्गे परिवार द्वारा शहर के नमनाकला में श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा 17 मई से शुरू होकर 24 मई तक चलेगी। श्रीमद भागवत कथा की शुरुआत कलश यात्रा के साथ की जाएगी जबकि प्रतिदिन शाम 5 बजे से कथा वाचन होगा इस दौरान पंडित रवीश पाण्डेय द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। इस दौरान जय माँ दुर्गा परिवार के गुरु भाई व श्रद्धालु आयोजन में शामिल होकर श्रीमद भागवत गीता का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

- दुर्गा मंदिर से निकाली जाएगी कलश यात्रा, 24 मई तक होगा आयोजन

आयोजन समिति ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा का आयोजन जय माँ दुर्गे परिवार अंबिकापुर द्वारा किया जा रहा है। आयोजन में परिवार के गुरु पंडित रवीश पांडेय के साथ ही अन्य आचार्य भी उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए समुचित बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रसाद व्यवस्था, पार्किंग की भी बेहतर व्यवस्था कर ली गई है। सभी धर्मावलम्बियों से कथा में शामिल होने का आग्रह समिति ने किया है। कथा के दौरान महिलाओं लिए अलग बैठक व्यवस्था की गई है साथ ही कथा के पहले दिन शाम 4 बजे से दुर्गा मंदिर गांधी चौक से कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस कलश यात्रा में गुरु भाई के साथ ही महिलाएं शामिल होगी। कलश यात्रा दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर कार्यक्रम स्थल नमनाकला रिंग रोड में कार्मेल स्कूल के गेट के सामने वाली गली समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि जय माँ दुर्गे परिवार आदि शक्ति के उपासकों का एक समूह है ये परिवार गुरु शिष्य परम्परा का निर्वहन करते हुए काम करता है। आचार्य संप्रदाय के गुरु रवीश पाण्डेय इस संप्रदाय के गुरु हैं, करगी रोड से करीब 20 किलोमीटर दूर लोरमी जिले के ग्राम गमजू में इनका आश्रम है। आश्रम में दोनों नवरात्र और गुरु पूर्णीमा को सैकड़ो की संख्या में गुरु भाई व श्रद्धालू पहुंचते हैं और आश्रम में ही रहकर पूजा पाठ करते हैं। विशेष अनुष्ठानो के बाद गुरुदेव अपने निवास मुंगेली में रहते हैं और यहां वो दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक लोगो से मुलाकात करते हैं।



### ये होगा विशेष आकर्षण

जय माँ दुर्गे परिवार अपने धार्मिक आयोजनों में सामजिक समरसता का सन्देश देने का प्रयास करता है। बीते वर्षों में हुई भगवत कथा में प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध लगाते हुए दोना पत्तल व कुल्हड़ का उपयोग कर समाज को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया गया था। इस बार की कथा में भी एक ऐसा सामाजिक सन्देश दिया जा रहा है जो आर्थिक भिन्नता को दूर करने में सहायक साबित हो सकता है। इस बार भागवत कथा में आयोजन समिति मितव्ययता का उदाहरण प्रस्तुत करेगी। जिससे जय माँ दुर्गे परिवार सहित समाज के हर वर्ग का व्यक्ति भागवत कथा कराने हेतु प्रेरित हो सके और धर्म के नाम पर दिखावे जैसी परम्पराओं से बाहर आ सके। इस कथा में श्रद्धालू श्रीमद भागवत ज्ञान के साथ साथ गुरुदेव के मुख से सनातन के अन्य गूढ़ रहस्यों को भी सुन सकेंगे। जीवन को बेहतर और स्वस्थ बनाने के लिए जरूरी उपदेश भी कथा के साथ सुनने का अवसर लोगों को मिलेगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411